न्यायालय उपखण्ड अधिकारी धौलपुर

पीठासीन अधिकारी –डॉ0 साधना शर्मा, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या –122/2024

उनवानः–

1. प्रशांत पचौरी पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी उम्मेदीनगर राजाखेडा बाईपास धौलपुर
2. अंकित कुमार पुत्र जगदीश शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी रानपुर मुरैना म0प्र0
3. विष्णु शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी राधेश्याम पेट्रोल पम्प के पास जिरौली धौलपुर

––––––––––––––––प्रार्थीगण

बनाम

1. तहसीलदार धौलपुर वहैसियत लैण्ड होल्डर

––––––––––––असल अप्रार्थी

2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी हाउस नम्बर 6–10–127/14 पिलर नम्बर 248 फ्लाई ओवर शिवरामपल्ली के0वी0 रंगारेड्डी तेलंगाना

––––––––––––––––––तरतीबी अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अधीन धारा 129 भू–राजस्व अधिनियम

उपस्थितिः–

1. श्री योगेश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रार्थीगण की ओर से

<u>दिनांकः–28.03.2025</u>

निर्णय

यह प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण की ओर से इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीगण आराजी खसरा नम्बर 1060 रकवा 0.4046 है तथा ख.नं. 1062 रकवा 0.7460 है0 वाके ग्राम लुहारी तहसील व जिला धौलपुर के अभिलिखित खातेदार काश्तकार है तथा राजस्व रिकॉर्ड व मौके पर काबिज काश्त है। प्रार्थीगण ने दिनांक 22.06.2024 को अपने खसरा नम्बर 1060, 1062 वाके ग्राम लुहारी तहसील व जिला धौलपुर की विधिवत् रूप से अन्य सहखातेदारान व अन्य लोगो की मौजूदगी में तहसीलदार धौलपुर से पैमाईश कराई तथा उक्त खसरा की सीमाओं पर निशानात कायम करवाए, जो आज भी मौजूद है। अर्सा करीब 15 दिवस पूर्व तहसीलदार धौलपुर से पत्थरगढी हेतु निवेदन किया तो उन्होने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि न्यायालय उपखण्ड अधिकारी धौलपुर से आदेश लेकर आओ तब पत्थरगढी करवाऊंगा। प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी ख.नं. 1060, 1062 वाके ग्राम लुहारी की मुताबिक पैमाईश पत्थर गढी करवाना चाहते है। आराजी वर्तमान में खाली है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 1060, 1062 वाके ग्राम लुहारी तहसील व जिला धौलपुर की मुताबिक पैमाइश पत्थरगढी करवाई जावे।

उपखण्डाधिकारी
धौलपुर (राज0)

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 02 की ओर से श्री नेमीचन्द रावत एडवोकेट ने वकालतनामा पेश कर पत्थरगढी किए जाने हेतु सहमति जाहिर की।

वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए खसरा नम्बर 1060, 1062 वाके ग्राम लुहारी तहसील व जिला धौलपुर की पत्थरगढी करवाऐ जाने का कथन किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी संवत् 2076–2079 ग्राम लुहारी, खसरा नक्शा की प्रति, सीमाज्ञान मौका पर्चा दिनांक 22.06.2024 पेश की। मुताबिक मौका पर्चा दिनांक 22.06.2024 के आराजी खसरा नम्बर 1060, 1062 की चर्तुसीमाओं का सीमाज्ञान कराया गया है।

अतः वकील उभयपक्ष को सुनने एंव पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात् प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण एंव अप्रार्थी संख्या 02 की सहखातेदारी की आराजी खसरा नम्बर 1060, 1062 वाके ग्राम लुहारी तहसील व जिला धौलपुर की नियमानुसार पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिए जाते है। परवाना तहसीलदार धौलपुर को जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ0 साधना शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,धौलपुर
उपखण्ड अधिकारी धौलपुर (राज0)